**प्रेस विज्ञप्ति**

**29.09.2025**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), पणजी आंचलिक कार्यालय ने 26.09.2025 को 22, मापुसा म्यूनिसिपल मार्केट, मापुसा, गोवा स्थित "लोजा शामू" के परिसर में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई लगभग 35000 अमेरिकी डॉलर मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त करने के संबंध में हवाई अड्डा सीमा शुल्क, गोवा से प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर शुरू की गई थी।

तलाशी के दौरान, लगभग 3 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा, 13 लाख रुपये (लगभग) की भारतीय मुद्रा, आपत्तिजनक चिट और अवैध विदेशी मुद्रा लेनदेन के रिकॉर्ड, और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। डिजिटल साक्ष्यों की प्रारंभिक जाँच से टेलीफोन पर बातचीत और संवाद सामने आए हैं, जिनसे पता चलता है कि दुकान मालिक विदेशी मुद्रा के अनधिकृत लेन–देन में लिप्त था, और ऐसे लेनदेन का कुल मूल्य लगभग 2-3 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

ज़ब्त की गई सामग्री, फेमा, 1999 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए व्यवस्थित अवैध विदेशी मुद्रा व्यापार के ठोस साक्ष्य प्रस्तुत करती है। ज़ब्त किए गए रिकॉर्ड और उपकरणों की विस्तृत जाँच की जा रही है ताकि इसमें शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं के व्यापक नेटवर्क की पहचान की जा सके।

आगे की जाँच प्रक्रियाधीन है।

